बलरामपुर रामानुजगंज जिले से करीब 140 किलोमीटर दूर छत्तीसगढ़ के उत्तरी छोर के आखिरी गांव में आजादी के 75 साल बाद बन रही सड़क

❑ बलरामपुर रामानुजगंज जिले के इस गांव में अब तक मतदान दल भी हेलीकॉप्टर से जाते थे

❑ सड़क निर्माण के बाद पुंदाग में बिना बाधा के पहुंचेंगी शासकीय योजनाएं

रायपुर (आरएनएस)। पुंदाग गांव बलरामपुर रामानुजगंज जिला से करीब 140 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। गांव की आबादी करीब 22 सौ है । इस गांव की जिला मुख्यालय बलरामपुर से कनेक्टिविटी आजादी के 75 साल बाद भी नहीं हो पायी थी । मगर अब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर सडक़ बनाने का काम शुरू हुआ है जो यहां के लोगों के सपने के सच होने जैसा है। पुंदाग गांव के पहाड़ी कोरबा जनजाति के अमावस बताते हैं कि मेरी उम्र करीब 40 साल है। लेकिन मैंने अब तक जिला मुख्यालय बलरामपुर नहीं गया हूं। कारण पूछने पर कहते हैं कि यहां से बलरामपुर जाने के लिये सडक़ ही नहीं थी । हमारे गांव के लोग काम पडऩे पर झारखंड के रास्ते छत्तीसगढ़ आना-जाना करते थे । कभी कोई बीमार पड़ता था तो बड़ी परेशानी होती थी । वे कहते हैं कि सडक़ बन जाने से हमारे बच्चों को बड़ा फायदा होगा, वे उच्च शिक्षा के लिये गांव से बाहर जा पायेंगे।

भौगोलिक परिस्थिति और नक्सल समस्या थी बड़ी बाधा - पुंदाग जाने के लिये घने जंगल और कई घाट पड़ते हैं । दुर्गम इलाका होने की वजह से यहां सडक़ बनाना आसान नहीं था । बीच रास्ते में कई सारी चट्टाने और नाले बड़ी बाधा थे । इसके साथ ही ये इलाका अति नक्सल प्रभावित था । इस गांव के तुरंत बाद झारखंड सीमा पर बूढ़ापहाड़ इलाका है जिसे नक्सलियों का गढ़ माना जाता था । राज्य बनने के बाद से इस इलाके में करीब 435 नक्सल घटनायें हुईं थीं लेकिन विगत 4 वर्षों की बात करें तो मात्र छुटपुट घटनाएं हुईं हैं, साथ ही एक भी जान-माल का नुकसाल कुछ हुआ है। पुलिस ने इस क्षेत्र से नक्सलियों को करीब-करीब खदेड़ दिया है ।

नक्सलियों से निपटने खोले 4 कैंप- पूर्व में नक्सली घटनाओं के चलते इस क्षेत्र में विकास कार्यों की गति थोड़ी धीमी हो गयी थी । लेकिन विगत 4 वर्षों में यहां 24 किलोमीटर में 4 कैंप स्थापित किये गये हैं । ये कैंप सबाग, बंदरचुआ, भुताही और पुंदाग में लगाये गये हैं । इन कैंप को खोलने में राज्य सरकार ने पूरी सहायता उपलब्ध करायी है । यहां पर जवानों को पेयजल उपलब्ध कराने हेतु कई बोर कराये गये हैं । कैंप खुलने का नतीजा ये हुआ कि यहां नक्सली घटनाएं एकदम शून्य की ओर हैं और इलाके में विकास कार्य तेजी से शुरू हो गया है ।

विकास से जोडऩे ग्रामीणों को सभी सुविधायें- बलरामपुर कलेक्टर विजय दयाराम के. बताते हैं कि इस गांव में शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य योजनाएं पहुंचाने के लिये सबसे जरूरी था कि सबसे पहले सडक़ बनायी जाये । जिला प्रशासन ने दुर्गम परिस्थितियों के बावजूद बंदरचुआ से भुताही तक करीब 6 किलोमीटर सडक़ बना दी है । भुताही से पुंदाग तक सडक़ निर्माण का काम तेजी से चल रहा है । इसके साथ ही भुताही में मोबाइल टॉवर और ट्रांसफॉर्मर लग गये हैं । जिस इलाके में फोन पर बात करना मुश्किल था वहां मोबाइल टावर लगने से ग्रामीण 4 जी सेवा का उपयोग कर रहे हैं पुंदाग गांव में इसी माह सब हेल्थ सेंटर भी शुरू होने जा रहा है । स्कूल भवन का रिनोवेशन किया जा रहा है ।

पुंदाग में राशन दुकान, बिजली पोल और धान खरीदी केंद्र जल्द - अंतिम छोर में बसे इस गांव के लोग सडक़ ना होने से अब तक राशन लेने के लिये भुताही तक आते थे । लेकिन जिला प्रशासन सडक़ बनने के बाद इस गांव में राशन पहुंचाना शुरू कर देगा । यहां के किसान सडक़ ना होने की वजह से सामरी धान खरीदी केंद्र में धान बेचने जाते थे पर अब यहां धान खरीदी केंद्र खोलने का प्रस्ताव भी भेज दिया गया है । पुदांग गांव में अब तक सोलर लाइट से ही काम चलता है । सडक़ बनते ही यहां बिजली के खंबे लगाने का काम शुरू होने वाला है ।

महत्वपूर्ण एवं खास

150 प्रधान पाठकों को नोटिस, कड़ी कार्यवाही की चेतावनी

जशपुर (आरएनएस)। मिड डे मिल के मामले में बगीचा विकासखंड के 150 प्रधान पाठकों को नोटिस भेज जवाब मांगा गया है। लोक शिक्षण संचालनालय के संचालक के पत्र के बाद बगीचा बीईओ ने ब्लॉक के 150 प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालयों के प्रधान पाठको को नोटिस जारी किया है। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत दैनिक लाभवान्वित की जानकारी मोबाइल एप्प के माध्यम से प्रतिदिन प्रेषित की जानी है। अर्थात मिड डे मिल का लाभ लेने वाले विद्यार्थियों की रोजाना संख्या ऑनलाइन पोर्टल में डेली अपलोड करनी है। मोबाइल एप में डेली अपलोड नही करने पर उच्च कार्यालयो से लगातार पत्र जारी किए जा रहे हैं। जिसके चलते विभाग की छवि भी धूमिल हो रही है। जिससे यह भी प्रतीत हो रहा है कि शासकीय कार्य के चलते उदासीनता बरती जा रही है।बीईओ बगीचा ने नोटिस जारी कर दो दिनों के भीतर जवाब मांगा है। और उक्त अवधि में जवाब नही देने पर एकपक्षीय कार्यवाही करने की चेतावनी दी है।

रेलवे स्टेशन के सामने महिला के कब्जे से एक लाख रुपए का गांजा बरामद

बिलासपुर (आरएनएस)। आरपीएफ व तोरवा पुलिस ने संयुक्त जांच के दौरान जोनल रेलवे स्टेशन के सामने से एक महिला से 10 किलो 600 ग्राम गांजा बरामद किया है। गिरफ्तारनाम प्रमिला मुली निवासी गोकर्णापुर अमलगुड़ा जिला गंजाम ओडिशा बताई। जब महिला से बैग को दिखाने के लिए कहा गया, तो मना करने लगी। बाद में जब बैग को खोला गया, तो जांच टीम भी हैरान रह गई। बैग के अंदर 10 किलो 600 ग्राम गांजा रखा हुआ था। घटना स्थल तोरवा थाने के अंतर्गत आता है, इसलिए आरोपित व जब्त गांजा को लेकर तोरवा थाने लाया गया। यहां आरोपित महिला के खिलाफ 20 बी एनडीपीएस एक्ट का अपराध दर्ज किया गया।

नाचने की विवाद पर दो पक्ष भिड़े

रायपुर (आरएनएस)। ग्राम ईलदा में डीजे में नाचने की विवाद पर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले पक्ष से प्रार्थी मन्नु लाल साहू 51 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि शादी कार्यक्रम में डीजे बज रहा था, जिसमें नाचने की बात को लेकर आरोपी भागवत चतुर्वेदी व राजेश ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थी राजा चतुर्वेदी 20 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी मन्नु लाल साहू व खिलेश साहू ने शादी कार्यक्रम में बज रहे डीजे में नाचने की बात पर विवाद कर गाली-गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट कर चोट पहुंचाये। दोनों पक्षों की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

हादसे में बाइक सवार की मौत

रायपुर (आरएनएस)। ग्राम बुडेरा के नहर पुलिया के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मामले में खरोरा पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक वकील 24 वर्ष बलांगीर उड़िसा का रहने वाला था। वह बाइक क्रमांक सीजी 04 एम 0478 से कहीं जा रहा था, तभी ग्राम बुडेरा स्थित नहर पुलिया के पास अज्ञात वाहन के चालक ने टक्कर मार दिया। जिससे वकील की मौत हो गई। मामले में खरोरा पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पत्नी ने पहले प्रेम जाल में फंसाया फिर करने लगे ब्लैकमेलिंग, कामयाब नहीं हुए तो कर दी हत्या

बिलासपुर (आरएनएस)। न्यायधानी के बिल्डर वकील अंसारी की फिरौती के लिए अपहरण के बाद हत्या कर दी गई। वकील अंसारी पिछले दो माह से गायब था। उसकी पत्नी की शिकायत पर अपहरण व फिरौती माँगने का एफआईआर दर्ज कर पुलिस जांच कर रही थी। मामले में पुलिस ने आरोपी पति पत्नी व उनके एक साथी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पहले ब्लैकमेंल कर वकील अंसारी से रकम वसूलना चाहते थे। असफल रहने पर उन्होंने वकील की हत्या कर दी थी। मामला सकरी थाना क्षेत्र का है।

पुरानी रंजिश के चलते युवक पर धारदार हथियार से हमला

रायपुर (आरएनएस)। गांधी चौक सड्डू में पुरानी रंजिश के चलते दो युवकों ने क युवक पर धारदार हथियार से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार गांधी चौक सड्डू निवासी प्रार्थी खुमान सिंह यादव 40 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी साहिल साहू व अन्य ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर कांच जैसी धारदार हथियार से घुटना के पास मारकर चोट पहुंचाया।

प्राचीनतम महादेव मंदिर पाली के गर्भगृह में स्थापित शिवलिंग पर 108 बेलपत्र अर्पित कर मुख्यमंत्री ने प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की

❑ मुख्यमंत्री बघेल ने पाली प्रवास के दौरान प्राचीन शिव मंदिर का किया दर्शन

❑ महादेव मंदिर के द्वार शाखा के अधोभाग में गंगा ,जमुना और शेव द्वारपालों का अंकन

कोरबा (आरएनएस)। मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल विधानसभा पाली-तानाखार के प्राचीनतम महादेव के मंदिर पहुंचे थे। जहां उन्होंने 108 बेलपत्र मंदिर के गर्भगृह में स्थापित शिवलिंग पर अर्पित कर प्रदेश वासियों के लिए सुख एवं समृद्धि की कामना की। मंदिर के पुजारी और पुरातत्व विभाग के केयरटेकर शिव मंदिर के संबंध में जानकारी ली। पुरातत्व विभाग के केयरटेकर ने बताया कि मंदिर की प्रमुख विशेषताओं में से एक मंदिर के द्वार शाखा के अधोभाग में गंगा, जमुना और शेव द्वारपालों का अंकन है। देवी गंगा का वाहक प्रतीक मगरमच्छ और यमुना देवी के वाहक प्रतीक कछुआ है। जिस पर मुख्यमंत्री ने कहा यह महादेव मंदिर ना केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है बल्कि अनेकता में अखंडता का संदेश भी दे रहा है।

छत्तीसगढ़ की संस्कृति धनाढ्य है जिसका जीवित उदाहरण पाली में स्थापित यह महादेव मंदिर है। द्वार शाखा पर उत्कीर्ण एक अभिलेख के अनुसार इस मंदिर का निर्माण बाण राजवंश के राजा विक्रमादित्य ने 870-900 ई. पूर्व के मध्य कराया था। इस मंदिर का जीर्णोद्धार लगभग 200 वर्षों के पश्चात रतनपुर के कलचुरी राजा जाजल्लदेव द्वारा करवाया गया। लगभग 3 फीट ऊंचे चबूतरे पर निर्मित यह मंदिर उत्तर भारतीय नागर शैली का प्रतिनिधित्व करता है। गर्भगृह की बाह्य दीवारों पर भद्र रथ में द्वि-तलीय कुलिकाओं का समायोजन किया गया है। मंदिर के गर्भगृह का प्रवेश द्वार त्रिशाखा प्रकार का एवं विभिन्न अभिप्राय से सुसज्जित है। गर्भ ग्रह में शिवलिंग स्थापित है जिसके बाह्य भित्तियों पर उत्कीर्ण देव प्रतिमाओं में नटराज, वायुमुंडा, सूर्य, शिव वाहिनी दुर्गा एवं सरस्वती उल्लेखनीय है। गर्भगृह के सामने अष्टकोण मंडप है। स्थापत्य की दृष्टि से संभवत: यह स्थापतियों का दक्षिण कौशल क्षेत्र में एक नया प्रयोग था, को की अष्टकोणीय आकार के मंडप तत्कालीन समय में इस क्षेत्र में प्रस्तुत नहीं थे।

ओडिशा के बरगढ़ से मध्य प्रदेश के शहडोल गांजा ले दो युवक गिरफ्तार

❑ कार समेत 80 किलो गांजा जब्त

महासमुंद (आरएनएस)। क्रेटा कार में गांजा की तस्करी करते दो युवकों को सिंघोड़ा पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों से 80 किलो गांजा जब्त किया है। आरोपित उक्त मादक पदार्थ को ओडिशा के बरगढ़ से मध्य प्रदेश के शहडोल ले जा रहे थे।

जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती राज्य ओडिशा से लगातार गांजा का परिवहन महासमुंद के रास्ते किए जाने की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपितों में धर्मेन्द्र कुमार मौर्य (24) निवासी ग्राम राजेंद्र थाना राजेंद्र ग्राम जिला अनुपपुर (मप्र) तथा शुभम यादव (26) निवासी देवरी वार्ड 12, थाना चचाई जिला अनुपपुर (मप्र) वर्तमान पता वार्ड चार धनपुरी रजा मोहल्ला, थाना धनपुरी, जिला शहडोल (मप्र) है। वाहन को एनएच 53 रेहटीखोल के पास घेराबंदी कर रोका गया। वाहन की तलाशी लेने पर कार के पीछे डिक्की में एक प्लास्टिक बोरी मिली। जिसे खोलकर देखने पर गांजा मिला। जिसे तौल करने पर कुल एक प्लास्टिक बोरी में 80 किलो गांजा मिला। मौके पर दोनों आरोपितो को गिरफ्तार किया गया। आरोपितों से नगदी तीन हजार रुपये, कार जब्त किया गया।

माजदा ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, एक की मौत

❑ हादसे के बाद केबिन में फंसा ड्राइवर, 2 घायल

कोरबा (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में हुए सडक़ हादसे में एक युवक की मौत हो गई है। वहीं 2 लोग घायल हुए हैं। बताया गया कि यहां माजदा वाहन ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। जिसके चलते यह हादसा हुआ है। हादसे के बाद माजदा वाहन का चालक केबिन में ही फंस गया था। हादसा मोरगा चौकी क्षेत्र में हुआ है।

जानकारी के अनुसार बाइक सवार 2 युवक शनिवार को कटघोरा.अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग होकर कहीं जा रहे थे। ये अभी मदनपुर घाट के पास पहुंचे थे। तभी यह हादसा हो गया है। हादसे के बाद मौके पर ही दीपक चंदन किस्पोट्टा 40 की मौत हो गई थी। वहीं उसके साथ बैठा चरण सिंह बुरी तरह घायल हो गया। हादसे के बाद माजदा वाहन पलट गई थी। जिसके चलते ड्राइवर संतोष केबिन में ही फंस गया। घटना के बाद आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे। इसके बाद घायल को अस्पताल भेजा गया था। वहीं संतोष को बचाने प्रयास जारी था।

पुलिस को भी इस घटना की सूचना दी गई थी। जिसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। साथ ही क्रेन को मौके पर बुलाया गया था। जिसकी मदद से ट्रक को हटाया गया। एक घंटे की मशक्कत के बाद ड्राइवर को केबिन से निकालकर अस्पताल भेजा गया है। जहां उसका उपचार जारी है। आस-पास के लोगों का कहना है कि माजदा के तेज रफ्तार में होने के कारण यह हादसा हुआ है।

चलती ट्रूक में नकाबपोश बदमाशों ने ड्राइवर को पटक-पटककर पीटा

❑ कैश और मोबाइल छीनकर भागे

कोरबा (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में ड्राइवर से लूट हो गई है। 6 नकाबपोश बदमाश चलती ट्रक में ही चढ़ गए थे। इसके बाद ड्राइवर को मारते-मारते नीचे उतारा। उसे रोड पर पटक-पटकर पीटा। फिर कैश और मोबाइल छीनकर भाग गए हैं। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के अनुसार पांडे रोड लाइन में आलिब अली ड्राइवर है। वो मूल रूप से झारखंड का रहने वाला है। वो शुक्रवार रात को चांपा से कोयला छोडक़र वापस कोरबा आ रहा था। उसे कोरबा में ट्रक में काम करवाना था। बताया गया कि रात के वक्त वह अभी मानिकपुर बाईपास रेलवे स्टेशन रोड पर पहुंचा था। उसी दौरान उसने ट्रक को धीरे कर दिया था। पीड़ित ड्राइवर ने बताया कि रास्ता सकरा है। गाडिय़ां बहुत गुजर रही थी। इसलिए मैंने पासिंग देने गाड़ी को धीमा किया था। उसी दौरान कुछ लोग ट्रक में चढ़ गए। खिडक़ी के रास्ते नकाबपोश बदमाश एक-एक कर अंदर आ गए। जिसके बाद उन्होंने ट्रक को रुकवाया और ड्राइवर को पीटना शुरू कर दिया था। इसके बाद ड्राइवर को नीचे उतारा और रोड पर पटक पटक कर मारने लगे।

ड्राइवर ने बताया है कि मैंने उनसे निवेदन किया कि मेरे पास जो है। उसे लूट लो। मगर मुझे छोड़ दो। फिर भी वे लोग नहीं रुके और मुझे पीटते रहे। फिर उन्होंने मेरे पास रखे 8 हजार कैश और 2 मोबाइल को छीना और भाग गए। ड्राइवर ने बताया है कि मैंने आस-पास जा रहे लोगों से भी मदद मांगी, पर किसी ने मेरी मदद नहीं की। घटना के बाद ड्राइवर ने पूरे घटनाक्रम की सूचना ट्रक मालिक को दी थी। ट्रक मालिक ने तुरंत ड्राइवर को अस्पताल में भर्ती कराया और शनिवार को पूरे मामले में पुलिस से शिकायत की है। शिकायत के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू की है। पुलिस ने बताया है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। मारपीट में ड्राइवर के सिर पर गंभीर चोटें आई हैं।

दसवीं व बारहवीं बोर्ड परीक्षा की समय सारणी की गई जारी

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंड़ल द्वारा दसवीं एवं बारहवीं की बोर्ड परीक्षा की समय सारणी जारी कर दी गई है। बारहवीं की परीक्षा के जारी समय सारणी के अनुसार 01 मार्च हिन्दी, 03 मार्च अंग्रेजी, 06 मार्च इतिहास, बिजनेस स्टडीज, एलेमेंट्स ऑफ साइंस एण्ड मैथ्स फॉर एग्रीकल्चर, 11 मार्च भूगर्भ शास्त्र व भौतिकी, 14 मार्च राजनीति विज्ञान, रसायन शास्त्र, लेखा शास्त्र, क्रॉप प्रोडक्शन एंड हार्टिकल्चर, स्टिल लाइफ एंड डिजाइनिंग, फिजियोलॉजी एंड फर्स्ट एड, 16 मार्च समाज शास्त्र,

21 मार्च मनोविज्ञान, 25 मार्च गणित, कम्प्यूटर एप्लीकेशन, भारतीय संगीत, ड्राइंग एंड डिजाईनिंग, नृत्य कला, स्टेनो टायपिंग, गृह विज्ञान, एनाटॉमी फिजियोलॉजी एण्ड हाईजिन, वाणिज्यिक गणित, इण्डस्ट्रियल आर्गनाइजेशन। 27 मार्च जीव विज्ञान, अर्थशास्त्र, एलीमेंट्स ऑफ एनिमल हस्वेण्ड्री एण्ड पोल्ट्री फॉर्मिंग, हिस्ट्री ऑफ इंडियन आर्ट, एलीमेन्ट्स ऑफ साईस। 28 मार्च रिटेल मार्केटिंग मैनेजमेंट, इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, आटोमोबाईल सर्विस टेक्निशियन, हेल्थ केयर, एग्रीकल्चर, मीडिया एण्ड इंटरटेनमेंट, टेलीकम्यूनिकेशन, बैंकिंग फाइनेंसियल सर्विसेस एण्ड इन्शुरेंस, ब्यूटी एण्ड वेलनेस, इलेक्ट्रानिक्स एण्ड हार्डवेयर। 29 मार्च संस्कृत व 31 मार्च को सभी प्रादेशिक भाषाएं।

इसी तरह जारी की गई दसवीं की समय सारिणी में 02 मार्च प्रथम भाषा हिन्दी, हिन्दी विशिष्ट, हिन्दी सामान्य 04 मार्च द्वितीय भाषा अंग्रेजी, अंग्रेजी सामान्य, अंग्रेजी विशिष्ट। 10 मार्च गणित 13 मार्च विज्ञान। 15 मार्च व्यावसायिक पाठ्यक्रम-आर्गनाइज्ड रिटेलिंग, इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, आटोमोबाईल सर्विस टेक्नीशियन, हेल्थ केयर, एग्रीकल्चर, मिडिया एण्ड इंटरटेनमेंट, टेली कम्यूनिकेशन, बैंकिंग फाइनेंसियल सर्विसेस एण्ड इन्शुरेंस, ब्यूटी एण्ड वेलनेस, इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड हार्डवेयर। 17 मार्च सामाजिक विज्ञान, 21 मार्च तृतीय भाषा संस्कृत सहित सभी क्षेत्रीय भाषाएं 24 मार्च केवल दृष्टिहीन छात्रों के लिए संगीत, केवल मूक तथा बधिर छात्रों के लिए ड्राइंग एंड पेंटिंग आदि।

हथकड़ी खोलकर कैदी हुआ फरार, 3 घंटे बाद पुलिस ने फिर पकड़ा

रायपुर (आरएनएस)। सेंट्रल जेल परिसर रायपुर से फिर एक आरोपी फरार हो गया। चोरी के मामले में गिरफ्तार आरोपी जेल दाखिले के दौरान पुलिस को चकमा देकर हथकड़ी खोलकर फरार हो गया। हालांकि पुलिस ने तीन घंटे बाद ही आरोपी को रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया।

मिली जानकारी के अनुसार मामला शनिवार रात का है। तिल्दा नेवरा थाना क्षेत्र में पांच से अधिक मोबाइल चोरी के मामले में गिरफ्तार आरोपी शिवा वर्मा (20) को शनिवार को कोर्ट में पेश किया गया था। कोर्ट ने जेल वारंट बनाकर आरोपी को रायपुर जेल में दाखिल करने का आदेश दिया। आरक्षक मनीष पटेल, कृष्णा यादव आरोपित शिवा वर्मा को रात पौने आठ बजे सरकारी वाहन में बिठाकर रायपुर सेंट्रल जेल परिसर पहुंचे। आरोपित को जेल के भीतर लेने कागजी प्रक्रिया अपनाई जा रही थी। इसी दौरान आरोपी शिवा वर्मा वाहन में बैठे-बैठे हाथ में लगे हथकड़ी को सरकाकर भाग निकला। पुलिस अभिरक्षा से आरोपी के फरार होने से परेशान आरक्षक मनीष पटेल ने सबसे पहले इस घटना की जानकारी तिल्दा नेवरा पुलिस थाना प्रभारी मोहसीन खान को फोन पर दी। इसके बाद दोनों आरक्षक फरार बंदी को काफी देर तक इधर-उधर तलाशते रहे। करीब तीन घंटे बाद आरोपित शिवा वर्मा को रेलवे स्टेशन में जवानों ने पकड़ लिया। पूछताछ में उसने बताया कि वह कहीं दूर भागने के लिए ट्रेन आने का इंतजार कर रहा था। गंज पुलिस मामले में फरार आरोपित के खिलाफ धारा 224 के तहत अपराध कायम कर लिया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी सकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक दृष्टि के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अत: शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करवाएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU